CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

STH-P-PBAD

लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन** घंटे *Time Allowed : **Three** Hours*	अधिकतम अंक : **250** *Maximum Marks : **250***

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "अपने प्रकाशन के 130 वर्ष के पश्चात् भी, वुडरो विल्सन का लेख 'दि स्टडी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन' आज भी अपनी उच्च प्रासंगिकता लिए हुए है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Even after 130 years of its publication, Woodrow Wilson's essay 'The Study of Administration' continues to have great relevance even today." Comment. *10*

(b) "प्रशासन की क्लासिकी तथा मानवीय संबंधों की विचारपद्धतियों की विशिष्टता दोनों की पारस्परिक पूरकता हैं ।" विश्लेषण कीजिए ।

"What is distinctive about the Classical and Human Relations schools of administration is their complementarity to each other." Analyse. *10*

(c) "विरोधिता भिन्नताओं — मतों एवं हितों में भिन्नताओं का प्रकटीकरण है" — (मैरी पार्कर फ़ोलेट) । टिप्पणी कीजिए ।

"Conflict is the appearance of differences — differences of opinions and of interests" — (Mary Parker Follett). Comment. *10*

(d) "नेता सही कार्य करते हैं; प्रबंधक उन्हें सही ढंग से करते हैं" — (वारेन बैनिस) । क्या उसके द्वारा यह विभेद तर्कसंगत है ? स्पष्ट कीजिए ।

"Leaders do the right things; managers do them rightly" — (Warren Bennis). Is this distinction by him valid ? Explain. *10*

(e) "प्रशासनिक विधि की पहचान उसके स्वरूप के बजाय उसकी विषय-सामग्री से की जाती है ।" चर्चा कीजिए ।

"Administrative law is recognised by its substance rather than its form." Discuss. *10*

Q2. (a) कतिपय विद्वानों ने नव लोक प्रबंधन को 'नव-टेलरवाद' की संज्ञा दी है । क्या यह एक उचित तुलना है ? नव लोक प्रबंधन के जन्म के बाद इतने कम समय में इसका पतन किन कारकों के कारण हुआ है ?

New Public Management has been branded by certain scholars as 'Neo-Taylorism'. Is it a justified comparison ? What factors have led to the decline of NPM so soon after its birth ? *20*

(b) "अब्राहम मैस्लो के 'आवश्यकता सोपान' और फ्रेडरिक हर्ज़बर्ग की 'द्विकारक थियोरी' के बीच मानवीय अभिप्रेरण के विश्लेषण में समानताएँ हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Abraham Maslow's 'Hierarchy of Needs' and Frederick Herzberg's 'Two-Factor theory' have commonalities in the analysis of human motivation." Comment. *15*

(c) सिविल समाज राज्य के पूरक एवं अनुपूरक होता है । फिर भी उसकी क्षमता एवं भूमिका राज्य की इच्छा पर निर्भर करती हैं । टिप्पणी कीजिए ।

Civil Society supplements and complements the State. However, its capacity and role depend upon the will of the State. Comment. *15*

Q3. (a) आर्गिरिस तथा लिकर्ट की सहभागी प्रबंधन की विचारपद्धति प्रशासनिक तंत्र के भीतर लोकतंत्र के पक्ष में तर्क करती है । क्या यह उपागम विकासमान लोकतंत्रों के साथ विकासशील देशों के लिए भी बराबर का उपयोगी होगा ?

The Participative Management School of Argyris and Likert advocates democracy within the administrative system. Will this approach be equally useful to developing countries with evolving democracies ? *20*

(b) "कार्यकारी पदों का निहितार्थ एक जटिल नैतिकता होना होता है और उनके लिए उत्तरदायित्व की एक उच्च क्षमता की आवश्यकता होती है" — (चेस्टर बर्नार्ड) । टिप्पणी कीजिए ।

"Executive positions imply a complex morality and require a high capacity of responsibility" — (Chester Barnard). Comment. *15*

(c) जब मीडिया ही निहित स्वार्थों के द्वारा नियंत्रित हो, तो वह सरकार के भीतर निहित स्वार्थों पर किस प्रकार नियंत्रण कर सकता है ? मीडिया और अधिक उत्तरदायी तथा निष्पक्ष किस प्रकार बन सकता है ?

When the media is controlled by vested interests, how can it control the vested interests in the government ? How can the media become more responsible and impartial ? *15*

Q4. (a) "लोक प्रशासन के अनुप्रयुक्त जगत में हुए प्रत्येक मुख्य रूपांतरण के साथ ही लोक प्रशासन के अध्ययन की परिधि तथा गहनता में संवृद्धि हुई है ।" लोक प्रशासन के विषय के विकास और लोक प्रशासन के संव्यवसाय के बीच संबंध पर चर्चा कीजिए ।

"With every major transformation in the applied world of Public Administration, the study of Public Administration has grown in scope and intensity." Discuss the relationship between the evolution of the discipline and profession of Public Administration. *20*

(b) "तंत्र सिद्धांत तत्त्वत: एक थियोरी नहीं है, किन्तु प्रशासनिक संवृत्तियों के अध्ययन का एक उपागम है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Systems Theory in essence is not a theory, but an approach to the study of administrative phenomena." Comment. *15*

(c) "प्रत्यायोजन विधान का सिद्धांत, मेरे विचार में उचित है, किन्तु मैं यह ज़ोर देकर कहना चाहता हूँ कि संसद के लिए यह उपयुक्त रहेगा कि वह सभी अवस्थाओं पर सतर्कतापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण निगरानी बनाए रखे" — (हर्बर्ट मॉरिसन) । विश्लेषण कीजिए ।

The principle of delegated legislation, is I think right, but I must emphasise that it is well for Parliament to keep a watchful and even zealous eye on it at all stages" — (Herbert Morrison). Analyse. *15*

खण्ड B

SECTION B

Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "बजटन एक राजनीतिक प्रक्रम है" — (एरन विल्डॉस्की) । परीक्षण कीजिए ।
"Budgeting is a political process" — (Aaron Wildavsky). Examine. *10*

(b) "विकास प्रशासन तथा प्रशासनिक विकास के बीच मुर्गी तथा अंडे का संबंध है" — (रिग्ज़) । सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।
"Development Administration and Administrative Development have a chicken and egg kind of relationship" — (Riggs). Elaborate. *10*

(c) "डिजिटलीकरण ई-शासन (ई-गवर्नेंस) को अत्यधिक प्रोत्साहन प्रदान करता है ।" चर्चा कीजिए ।
"Digitalisation provides great impetus to E-governance." Discuss. *10*

(d) "360° निष्पादन मूल्यांकन पद्धति एक तर्कसंगत विचार है, किन्तु इसमें जटिल और अप्रमाणिक कार्यविधियाँ शामिल होती हैं ।" इसको दोष-रहित किस प्रकार बनाया जा सकता है ?
"360° performance appraisal system is a rational idea, but it involves complex and inauthentic procedures." How can it be made foolproof ? *10*

(e) "बृहत् सार्वजनिक ऋण ऐसी कराधान एवं व्ययन नीतियों को अपनाने के लिए बाध्य करता है जिनका परिणाम उच्चतर करों तथा न्यूनीकृत सेवाओं के रूप में होता है ।" विश्लेषण कीजिए ।
"A large public debt forces the adoption of tax and spending policies that result into higher taxes and reduced services." Analyse. *10*

Q6. (a) "उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण ने विकास प्रशासन की प्रकृति को रूपान्तरित कर दिया है ।" चर्चा कीजिए ।
"Liberalisation, privatisation and globalisation have transformed the nature of development administration." Discuss. *20*

(b) "सरकार में सक्षम विशेषज्ञों का पार्श्विक प्रवेश (लैटरल एन्ट्री) ताज़गी तथा नवाचार को बढ़ावा देगा, किन्तु यह जवाबदेही की समस्याओं को भी जन्म दे सकता है ।" चर्चा कीजिए ।
"Lateral entry of competent experts into the government will promote freshness and innovation, but it can create problems of accountability." Discuss. *15*

(c) "निष्पादन बजटन के बिना निष्पादन लेखापरीक्षण हो ही नहीं सकता है ।" सुस्पष्ट कीजिए ।
"There can be no performance auditing without performance budgeting." Elucidate. *15*

Q7. (a) "संयोजित-प्रिज़्मीय-विवर्तित समाजों के रिग्ज़ीय मॉडल और उनकी प्रशासनिक प्रणालियाँ पारंपरिक चमत्कारी विधिक-युक्तिसंगत प्राधिकारों के मैक्स वेबर के प्ररूपविज्ञान के द्वारा प्रेरित हुई हैं ।" विश्लेषण कीजिए ।

"The Riggsian models of Fused-Prismatic-Diffracted Societies and their administrative systems have been inspired by Max Weber's typology of Traditional Charismatic Legal-Rational Authorities." Analyse. *20*

(b) "लोकतांत्रिक देश में बहु-मुखी विकास के मुख्य उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने में अधिकारीतंत्र की अंतर्निर्मित सीमाएँ हैं ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

"Bureaucracy has inbuilt limitations to act as the prime catalyst to multi-faceted development in a democratic country." Analyse this statement with appropriate examples. *15*

(c) क्या हम यह कह सकते हैं कि क़ानूनी लेखापरीक्षा तथा सामाजिक लेखापरीक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं ? अथवा, क्या वे भिन्न-भिन्न मूल्यों के दो पृथक् सिक्के हैं ? चर्चा कीजिए ।

Can we say that statutory audit and social audit are two sides of the same coin ? Or, are they two separate coins with varying values ? Discuss. *15*

Q8. (a) "मानव संसाधन प्रबन्धन के विभिन्न घटक परस्पर संबद्ध हैं ।" चर्चा कीजिए ।

"Various components of Human Resources Management are inter-related." Discuss. *20*

(b) "प्रशासनिक नैतिकता में लोक सेवकों की आचरण संहिता शामिल है, किन्तु यह उसके परे भी जाती है ।" विवेचना कीजिए ।

"Administrative ethics includes the code of conduct of civil servants, but goes beyond it as well." Discuss. *15*

(c) "लोक नीति में शामिल सभी प्रक्रमों में कार्यान्वयन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ।" नीति कार्यान्वयन में बाधाओं का परीक्षण कीजिए ।

"Of all the processes involved in public policy, implementation is of greatest importance." Examine the impediments in policy implementation. *15*